ईद उल फितर की नमाज अदा कर मांगी अमन चैन की दुआ

जुन्नारदेव, देशबन्धु। जुन्नारदेव के ईदगाह और इलाके की मस्जिदों में ईद उल फितर की विशेष नमाज अदा की गई तत्पश्चात ईदगाह परिसर में मुफ्ती जुनैद साहब द्वारा सामूहिक दुआ कराई गई जिसमें मुल्क के अमन शांति की दुआएं मांगी गई ।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तहसीलदार थाना प्रभारी पहुंचे इस दौरान विधायक सुनील उइके के नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे कांग्रेस भाजपा के पदाधिकारी ईद की मुबारकबाद देने ईदगाह पहुंचे गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी गई।

एक दूसरे को गले मिलकर दी मुबारकबाद

छपारा, देशबन्धु। आज 31 मार्च को सुबह 10:00 बजे ईदगाह ओर बड़ी जामा मस्जिद में ईद उल फितर की नमाज अदा की गई ईदगाह में अल्लामा मौलाना शाकिर हुसैन अशरफी और बड़ी जामा मस्जिद में हाफिज जाकिर रामपुरी साहब ने ईद उल फितर की नमाज पढ़ाई नमाज के बाद देश में अमनो अमन की दुआ की गई।

हाफिज जाकिर रामपुरी साहब ने बड़ी जामा मस्जिद में ओर अल्लामा मौलाना शाकिर हुसैन अशर्फी ने ईद की नमाज अदा करने पहुंचे तमाम लोगों को ईद की मुबारकबाद दिया तत्पश्चा सभी ने एक दूसरे से गले लगा कर ईद की मुबारकबाद पेश की आज 31 मार्च को छपारा की ईदगाह और बड़ी जामा मस्जिद और

ईदगाह में बड़ी तादाद में लोगों ने ईद उल फितर की नमाज अदा कर ईद की खुशियां मनाएं कौमी एकता के प्रतिक ईदगाह में पहुंचकर जनप्रतिनिधियों ने गले मिलकर ईद की बधाई दी साथ ही छपारा के गणमान्य नागरिक नगर परिषद के उपाध्यक्ष पार्षद प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी राजनीतिक पार्टी के पदाधिकारीयो ने ईद उल फितर के मुबारक मौके पर बधाई और मुबारकबाद दिया।

क्षेत्र में बढ़ने लगे अवैध धंधे

पुलिस प्रशासन बना मुकदर्शक

सौसर, देशबन्धु। क्षेत्र मे अवैध कारोबार धड़ल्ले से होने लगा है और जब से सौसर क्षेत्र छिंदवाड़ा से अलग होकर पांढुर्ना जिले मे शामिल हुआ तब से यहां अवैध कारोबार मे तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिली।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सौसर समेत बेरडी, बोरगांव, लोधीखेड़ा, मोहगांव, रामाकोना, पिपला नारायणवार के अलावा छोटे गांव एवं कस्बो मे धड़ल्ले से अवैध जुआ, सट्टा एवं शराब का कारोबार बड़ी मात्रा मे हो रहा है।

इसके साथ साथ सौसर क्षेत्र के थाना एवं चौकियो के आस पास ही सबसे ज्यादा अवैध कारोबार बड़ी मात्रा मे होने लगे है इसकी भनक आम लोगो को है लेकिन पुलिस प्रशासन कुम्भकरणीय नींद मे है ।

गांव-गांव बिक रही शराब

शराब ठेकेदार द्वारा सौसर प्रशासन को ताक पर रख कर गांव गांव शराब पंहुचाकर अपने एजेंटो के माध्यम से शराब बेचने का काम शुरू है जबकि ये नियम विरुद्ध है लेकिन प्रशासन द्वारा कार्यवाही नहीं करना सबसे बड़ा प्रश्नचिन्ह है ।

धड़ल्ले से कट रही सट्टा पट्टी

सौसर क्षेत्र के सभी बड़े गांव एवं छोटे छोटे गांव मे बे रोक टोक सट्टा पट्टी काटी जा रही है सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार सट्टे का कारोबार पुलिस के मिली भगत से ही होने लगा है ऐसी भी सूत्रों द्वारा जानकारी दी गयी ।

एक पुलिस की गाड़ी प्रति सप्ताह शाम में सायरन बजाती हुई आती

सूत्रों से जानकारी के अनुसार बताया गया की एक पुलिस गाड़ी प्रति सप्ताह ढाबे एवं खाईबाजो के घरो के सामने सायरन बजाते हुए आती है सायरन का मतलब होता है की अब आपको पैकेट लाकर देना है तब ही आगे की बात होंगी ।

सार-समाचार

60 दिवसीय निःशुल्क कोचिंग कक्षाओं का शुभारंभ आज

सौसर, देशबन्धु। विधाता चैरिटेबल फाउंडेशन संस्था द्वारा प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु कैरियर गाइडेंस सेमिनार एवं 60 दिवसीय निःशुल्क कोचिंग क्लासेस का शुभारंभ 1 अप्रैल 2025 को सुबह 10 से 1 बजे तक गर्ल्स कॉलेज सौसर में किया जा रहा है। इस आयोजन के मुख्य अतिथि यूपीएससी चयनित श्री रोशन नारनवरे जी प्रवर्तन अधिकारी श्रम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा साथ ही आधुनिकता के इस दौर में स्मार्ट अध्यन के बारे में भी जानकारी प्रदान करेंगे। निःशुल्क कोचिंग क्लासेस के माध्यम से विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे कि यूपीएससी, एमपीपीएससी, एसएससी,एमपीएसआई,एमपी पुलिस, व्यापम, बैंक रेलवे,इत्यादि परीक्षाओं की तैयारी और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। विधाता चैरिटेबल फाउंडेशन संस्था के अध्यक्ष अमोल रंगारे ने बताया कि क्षेत्र के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य हेतु इस निःशुल्क कोचिंग क्लासेस की शुरुवात की जा रही है जिससे कि गरीब,मजदूरों ओर किसानों के बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर प्रशासनिक अधिकारी बनकर अपना एवं माता-पिता का सपना पूर्ण कर सके। निःशुल्क कोचिंग क्लासेस के शुभारंभ पर सौसर विधायक विजय रेवनाथ जी चौरे, पूर्व मंत्री नाना भाऊ मोहोड़,जिला पंचायत सभापति श्रीमती नीलिमा पाटिल,सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा तथा शासन-प्रशासन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न होगा।

अखंड हरिनाम सप्ताह प्रारंभ

रामाकोना, देशबन्धु। संतो की नगरी ग्राम रामाकोना से कुछ किलोमीटर दुरी पर स्थित ग्राम खैरी मिराजी मे प्रतिवर्षनुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्र के शुभअवसर पर अखंड हरिनाम सप्ताह प्रारंभ हुआ । जिसके अंतर्गत 30 मार्च को श्री श्री 108 महंत स्वामी मौनानंदाचार्य महाराज मौनी बाबा, 31 मार्च को हभप किशोर महाराज काढ़े, दिनांक 1 अप्रेल हभप ओमकार महाराज भानगे, 2 अप्रेल को हरिओम महाराज नींभोरकर, 3 अप्रेल को संतोष महाराज निम्बालकर, 4 अप्रैल को हभप पंकज महाराज पवार का किर्तन प्रतिदिन रात्री 8:30 से 10:30 तक होंगा। जबकि ज्ञानेश्वरी परायण व्यासपीठ हभप वसंत महाराज पोपटे के नेतृत्व में होंगा।

माता ठाकरान दाई मंदिर में किए गए विविध धार्मिक अनुष्ठान

गोटेगांव, देशबन्धु। विगत दिवस चैत्र नवरात्रि एवं हिंदू नव वर्ष पर नौ दिनों श्रद्धालुओं की मंदिरों में भीड़ उमड़ने लगी है गोटेगांव में माता ठकरान दाई मंदिर 30 मार्च को चैत्र नवरात्र प्रारंभ को लेकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाए जाने को लेकर समिति से जुड़े सभी कार्यकर्ता सक्रियता से अपनी अपनी व्यवस्थाओं में लगे हुए हैं। सभी सदस्यों की देखरेख में चैत्र नवरात्र का महापर्व मनाया जा रहा है । इस बार नौ दिनों की जगह 8 दिन तक चलने वाले पर्व नवरात्र का शुभारंभ 30 मार्च को वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना जवारे के साथ संपन्न हुआ ।ज्ञात हो कि इस बार नवरात्रि पर्व आठ दिनों की होगी और श्रद्धालु माता की पूजन अर्चन कर सकेंगे प्रथम दिवस की महा आरती का सौभाग्य ठेकेदार एवं श्रीधाम हॉस्पिटल के संचालक और समाजसेवी मुकेश बिलवार को प्राप्त हुआ। महा आरती में मातृशक्ति एवं भक्तों की उपस्थिति रही।

नवनिर्वाचित पदाधिकारी का दायित्व बोध शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

सौसर, देशबन्धु। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला पांढुर्णा की नगर विकासखंड तहसील एवं जिला कार्यकारणी में निर्विरोध नवनिर्वाचित पदाधिकारी का दायित्व बोध शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन जयसवाल लान वार्ड क्रमांक 13 में आयोजित हुआ जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौड़ भोपाल के द्वारा की गई।

जिसमें में मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री नाना भाउ मोहोड, विशेष अतिथि प्रदेश महामंत्री राकेश कुमार गुप्ता, सागर, सुरेखा डागा अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सौसर, आमंत्रित अतिथि रश्मि कुशरे सहायक संचालक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सौसर, विजय कुमार शुक्ला पूर्व संभाग अध्यक्ष जबलपुर, प्रांतीय सह संगठन मंत्री नंदकुमार शुक्ला, जिला अध्यक्ष राजेंद्र सरवरे, पूर्व जिला अध्यक्ष छिंदवाड़ा शशि कुमार तिवारी, वर्तमान जिला अध्यक्ष संजय नागदवने,पूर्व जिला अध्यक्ष पांढुरना एस बी जुमड़े, की उपस्थित रहे ।

मंच संचालन प्रदीप गोहत्रे ने किया। डां. क्षत्रवीर सिंह राठौड़ प्रदेश अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ऐसा एक संघ है जो पंच परिवर्तन के भावों को लेकर चलता है। तथा राष्ट्र हित,शिक्षा हित,छात्र हित शिक्षक हित में कार्यकर्ता है। इसलिए सभी पहले अपने दायित्व का निर्वहन करें छात्रों के चरित्र निर्माण में अपना योगदान दें यही हमारा सच्चा कर्तव्य है।

बाइक मैकेनिक की दुकान में लगी आग

लाखों का सामान जलकर खाक

सिवनी, देशबन्धु। शहर के छिंदवाड़ा रोड स्थित योगिराज टॉकीज के पास एक बाइक मैकेनिक की दुकान में सोमवार देर रात अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और दुकान में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने की शुरुआत देर रात हुई। जब तक लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग की लपटों ने दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कुछ ही देर में पूरा सामान जलकर राख हो गया। दुकान में स्पेयर पार्ट्स, टायर, लुब्रिकेंट्स और अन्य ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैली।

दमकल की तत्परता से टला बड़ा हादसा - घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग को नियंत्रित कर लिया गया, जिससे आसपास की अन्य दुकानों को नुकसान होने से बचा लिया गया। क्षेत्र में कई और दुकानें मौजूद थीं, अगर आग समय रहते नहीं बुझाई जाती, तो बड़ा हादसा हो सकता था।

आग लगने का कारण अज्ञात, जांच जारी

अभी तक आग लगने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रथमदृष्टया शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है, लेकिन वास्तविक कारणों का खुलासा जांच के बाद ही हो पाएगा। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

कोई जनहानि नहीं

आग से दुकान में रखा अधिकांश सामान पूरी तरह जल चुका है, जिससे लाखों रुपये के नुकसान की संभावना जताई जा रही है। हालांकि, इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, जो कि राहत की बात है। दुकान मालिक और स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन से मदद की मांग की है।

व्यापारियों में चिंता

इस घटना के बाद स्थानीय व्यापारियों में चिंता बढ़ गई है। व्यापारियों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में आग बुझाने के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं, जिससे इस तरह की घटनाओं पर त्वरित नियंत्रण पाना मुश्किल हो जाता है। उन्होंने प्रशासन से सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने की मांग की है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। फिलहाल, पुलिस और दमकल विभाग इस मामले की विस्तृत जांच कर रहे हैं।

सीएम राइज कैंपस दो का उत्कृष्ट रहा परीक्षा परिणाम

सौसर, देशबन्धु। सीएम राइज कैंपस 02 हिंदी मॉडल स्कूल, सौसर ने परीक्षा परिणामों में एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय के हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम के छात्रों ने विभिन्न कक्षाओं में शानदार सफलता प्राप्त कर अपना नाम रोशन किया। कक्षा1 में भाग्यश्री यादव प्रथम, कक्षा 2 में भारत कुरोठे प्रथम, कक्षा पूरब खंडाईत प्रथम, कक्षा 4 में अदिती देशभ्रतार प्रथम, कक्षा 5 में चैतन्य सनेसर प्रथम,कक्षा 6 में खुशी बासकवरे प्रथम, कक्षा 7 में पायल सेद्रे प्रथम, कक्षा 8में प्रियंका भक्ते प्रथम रहे।

केजी 1 में रितिका खंडाईत प्रथम, केजी 2 में भाग्यश्री पाल प्रथम, कक्षा1 में तनवीर लखविंदर सिंह प्रथम, कक्षा 2 में प्रणव सोमकुवर प्रथम, कक्षा 3 में इसिका पोपट प्रथम, कक्षा 4 में भाविका मोरे प्रथम रहे । विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त विद्यालय परिवार ने इन सभी छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की है।

थाईलैंड से आई बुद्ध प्रतिमा मोहगांव हवेली पहुंची

सौंसर, देशबन्धु। थाईलैंड से प्राप्त हुई तथागत बुद्ध की प्रतिमा गत दिवस बुद्ध विहार सौंसर से सम्यक बुद्ध विहार मोहगांव हवेली में पहुंची। इसके पूर्व मोहगांव के प्रवेश द्वार समीप से बौद्ध अनुयाईयो सह समता सैनिक दल के बैंड पथक, सैनिक सैनिकाओं के साथ मप्र राज्य भिक्षु संघ के कार्यकारी अध्यक्ष भंते सारिपुत्र के प्रमुख उपस्थिति में धम्म पताकाएं लहराते हुए धम्म रैली कर बुद्ध प्रतिमा बुद्ध विहार पहुंची।

ज्ञात हो कि 12 अप्रैल को वार्ड 9 स्थित सम्यक नवनिर्मित बुद्ध विहार में तथागत बुद्ध की प्रतिमा और डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। प्रबुद्ध-महिला मंडल मोहगांव हवेली द्वारा आयोजित कार्यक्रम में 11 अप्रैल शाम 7 बजे मानवता का सन्देश ग्रुप द्वारा अब में वापस आनेवाला नहीं हूं पर नाटक होगा। रात्रि 8 बजे बुद्ध भीम गीतों की प्रस्तुति होगी। 12 अप्रैल सुबह 8 बजे नगर में प्रभात फेरी होगी। पश्चात परित्राण पाठ एवं तथागत बुध्द प्रतिमा व डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर प्रतिमा का अनावरन वनधम्म देशना होगी।

कार्यक्रम अध्यक्षता सुरेश नामदेव सहारे करगे, प्रमुख अतिथि में भन्ते सारिपूत्र थेरो, भन्ते सुगत बोधी, भन्ते सम्यक बोधी, भन्ते विनय बोधी, अशोक सरस्वती बौद्ध, सावनेर, मिलिन्द बौद्ध, धम्मचारी अक्षयरत्न, विशेष अतिथि मोहगांव नगर पंचायत अध्यक्ष संदीप वघाटोडे, वीरेंद्र शर्मा अध्यक्ष अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर संस्थान मौजूद होंगे।

दैनिक राशिफल

मंगलवार 01 अप्रैल 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1946 हिजरी 1445। चैत्र शुक्ल पक्ष की तृतीया, नक्षत्र-भरणी।

मेष
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

वृषभ
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

मिथुन
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क-

कर्क
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

सिंह
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

कन्या
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

तुला
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

वृश्चिक
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

धनु
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

मकर
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

कुंभ
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

मीन
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म.

धूमधाम से मनाई झूलेलाल की जयंती

गोटेगांव, देशबन्धु। स्थानीय पूज्य सिंधी पंचायत समिति एवं सिंधी नवयुवक मंडल व सिंधी महिला मंडल गोटेगांव के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सिंधी समाज के आराध्य देव वरुण अवतार झूलेलाल का प्रकटोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम भगवान झूलेलालजी के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर स्थानीय झूलेलाल मंदिर में प्रातः 10 बजे दीप प्रज्ज्वलित कर परमपूज्य आराध्य देव का पूजन अर्चन करने के तदोपरांत प्रातः12 बजे विशाल वाहन रैली का आयोलाल झूलेलाल के जयघोष के साथ शुभारंभ किया गया।

वाहन रैली नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री झूलेलाल मंदिर में संपन्न हुई,कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में अपरान्ह 2 बजे से स्थानीय शीतलदास सिंधी धर्मशाला में भंडारे का आयोजन किया गया। सायंकाल 6 बजे भगवान झूलेलालजी बहराणा साहब का पूर्ण विधि विधान के साथ पूजा अर्चन कर महाप्रसाद एवं शरबत का वितरण किए जाने के तत्पश्चात बहराणा साहब की विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

नगर भ्रमण पश्चात समीपवर्ती ग्राम झांसीघाट स्थित जगत जननी माँ नर्मदातट में पूर्ण विधि विधान से अखंड ज्योति का विसर्जन किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दादा खेमचंद दासवानी, श्यामूमल माधबानी, राजू मुलानी, गुरनामल माधबानी, खुशाल सुखवानी, ईश्वरधामेचा, घनश्याम दास चंचलानी, गोपाल माधबानी कैलाश दरयानी गुरुदत्त धामेचा, गागनदास माधबानी, गिरधारी धामेचा, योगेश कृपलानी, मनोज कृपलानी, आशीष माधबानी, चिराग मुलानी, उमाशंकर चंचलानी, लखमीचंद माधवानी, दीपक दासवानी, राजकुमार माधवानी, सुमित माधबानी, तनुल धामेचा ,अंकित धामेचा, दीपक कृपलानी, सहित महिला मंडल की विनीता सुखवानी, कंचन दासवानी, कविता माधबानी, वीणा कृपलानी, नेहा माधवानी, भावना माधबानी सहित बड़ी संख्या में सजातीय बंधु उपस्थित थे।

खुलार नदी घाट की सफाई की

भुआ बिछिया, देशबन्धु। मुख्यमंत्री मोहन यादव के आह्वान पर एवं जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड बिछिया जिला मंडला द्वारा जल संवर्धन अभियान की शुरुआत भगवान श्रीराम जी चरणों को प्रणाम कर के सभी के माध्यम से एनिकट स्थित खुलार नदी में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल संरचनाओं की स्वच्छता, नदी के घाट की साफ सफाई का कार्य किया गया ।

आज के कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी अध्यक्ष, रणधीर सिंह राजपूत उपाध्यक्ष, एच आर कुरैशी उपयंत्री, पार्षद शशिकांत श्रीवास्तव, पार्षद, पूनम रजक पार्षद, चेतना राजपूत पार्षद, हर्षलता श्रीवास , प्रसन्न यादव स्वच्छता प्रभारी ए व सीएमसीएलडीपी मेंटर, सीएमसीएलडीपी छात्रो के सामूहिक सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान जल संरक्षण अभियान अंतर्गत जल संरक्षण और पानी का दुरुपयोग ना करने की भी शपथ दिलाई गई।